## खबर संक्षेप



### सनकुई की टीम ने जीता विधायक कप

**सिलौंडी।** ग्राम भैसवाही में चल रही विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला सनकुई ने 12 रन से मैच जीतकर विधायक कप का खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में सनकुई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 140 रन बनाया जवाब में भैसवाही की पूरी टीम 128 रन बना सकी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी विजेता टीम को 11000 रुपया और शील्ड का पुरुस्कार में दिया गया। सरपंच साकेत लोनी ने माध्यम से उपविजेता टीम को 5100 रुपया नगद और शील्ड का पुरुस्कार मिला। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी, महामंत्री सदन तिवारी ,राजेंद्र] खिलाड़ियों की उपस्थित रही।

### श्रीमद भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीपवर्ती ग्राम घाना बम्होरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन बाह्मण भगवान की कथा सुनाई गई। हरियाणा से पधारे कथा वाचक उदयनारायण महाराज द्वारा कथा का रसपान करवाया जा रहा है। भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है जिसमें समिति के सदस्य संतु उपाध्याय, निंदु उपाध्याय, सोनू रजनीश गौतम प्रशांत उपाध्याय, कृष्णा शील कुमार सागर प्रांजुल चिंटू शुक्ला मोनू शुक्ला बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अभाविप का जिला अभ्यास वर्ग करौंदी में आयोजित



**उमरियापान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग भारत के भौगोलिक केंद्र बिंदु करौंदी में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के दौरान परिषद कार्यकर्ताओं के लिए व्यायाम, खेलकूद सहित छह सत्रों में विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास कराया गया, जिससे संगठनात्मक क्षमता एवं नेतृत्व कौशल का विकास हो सके। अभ्यास वर्ग में महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव, प्रांत मंत्री सुब्रत बाझल, विभाग संयोजक सीमांत दुबे, जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी एवं नगर अध्यक्ष डॉ. आरती धुर्वे ने मार्गदर्शन प्रदान किया। वक्ताओं ने छात्र संगठन की भूमिका, राष्ट्र निर्माण में युवाओं के योगदान एवं संगठनात्मक विस्तार पर प्रकाश डाला। अभ्यास वर्ग के दौरान परिषद के नवीन दायित्वों की घोषणा भी की गई। जिसमें सुशील झारिया को एसएफडी जिला संयोजक, तरुण पाण्डे को एसएफएस जिला संयोजक, पलक शर्मा को आरकेएम जिला संयोजक, अंशिका लखेरा को खेलो भारत जिला संयोजक, अतुल गर्ग को ढीमरखेड़ा भाग संयोजक एवं नितिन साहू को मुड़वारा भाग संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### कटनी में मनाया गया इंटरनेट सेफर डे

**कटनी।** इंटरनेट सेफर डे प्रतिवर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम "स्मार्ट टेक, सेफ च्वाइसेस- एक्सप्लोरिंग द सेफ एण्ड रिस्पोंसिबल यूज ऑफ" थीम पर केन्द्रित रहा। विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जागरूक करने हेतु कलेक्टर शआशीष तिवारी के निर्देशानुसार इंटरनेट सेफर डे के अवसर पर 10 फरवरी को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, कटनी में एनआईसी कटनी द्वारा जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

### नेशनल हाईवे में एनएचएआई टीम एवं पुलिस प्रशासन के अमले को निरीक्षण करने निर्देश

# हादसों का ग्राफ बढ़ा रहा चिंता, चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक, रिफ्लेक्टर लगाने निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुए कई अहम निर्णय

जिले में लगातार हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है जो चिंताजनक है। नेशनल हाईवे से लेकर ब्लैक स्पाटों में आये दिन किसी जान जा रही है तो कोई गंभीर रूप से घायल हो रहा है। संकेतकों एवं उचित व्यवस्थाएं नहीं होने से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को संयुक्त रूप से प्रयास करने के निर्देश दिये हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सुगम आवागमन और यातायात व्यवस्था की दृष्टि से चिन्हित संवेदनशील ब्लैकस्पॉट स्थलों पर दुर्घटना की रोकथाम हेतु संकेतक, रिफ्लेक्टर और ब्लिंकर लगवाने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, निगमायुक्त तपस्या परिहार की मौजूदगी में संपन्न हुई।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में जिले में निर्मित ब्लैक स्पॉट के रेस्टोरेशन में सुरखी - सरसवाही मार्ग की चौड़ाई बढ़ाये जाने हेतु एन.एच.ए.आई. को निर्देशित किया। जिससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसी प्रकार लखापतेरी में यादव ढ़ाबा के पास हाई-वे पर फ्लाई ओवर एवं सविल रोड के विभाजन पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये एन.एच.ए.आई. की टीम एवं पुलिस प्रशासन के अमले को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने हेतु आदेशित किया गया।

नगर निगम को घंटाघर मार्ग को शीघ्र पूर्ण करने हेतु एवं मलवा हटाने हेतु निर्देशित किया गया ।झिंझरी- बिलहरी मोड़ एवं चांडक चौक में रोटरी निर्माण का प्रस्ताव एवं टेण्डर आमंत्रित करने हेतु चर्चा की गई।

जिले में बैंको के बाहर अनाधिकृत एवं अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़े करने पर पुलिस विभाग को चालानी कार्यवाही करने हेतु कहा गया।इसके अलावा पुलिस विभाग को वाहन में दो से अधिक व्यक्ति के बैठने, शराब पीकर वाहन चलाने एवं नो पार्किंग पर वाहन खड़े करने पर चालानी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया।

दुर्गा चौक के पास निर्मित बारात घर के सामने अवैध रूप से वाहनों के खड़े करने के कारण बाधित होने वाले यातायात को सुगम एवं सुचारू बनाने के लिए संयुक्त निरीक्षण कर चालानी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के आरके बत्रा व विवेक श्रीवास्तव , जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि, आर टी ओ संतोष पाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# लापता किशोर की तलाश के लिए जलाशय में चलाया जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भजिया में 14 वर्षीय कृष्ण कोल दो दिन से लापता है। उसकी तलाश में स्थानीय पुलिस के साथ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम भी जुटी हुई है। जलाशय के किनारे किशोर की चप्पलें मिलने के बाद उसके डूबने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कृष्ण कोल 8 फरवरी को पास के जलाशय में मछली पकड़ने के लिए घर से निकला था। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजन उनकी तलाश में जुट गए। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर गांव और आसपास के संभावित स्थानों पर किशोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने तत्काल बड़वारा पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की, तो जलाशय के किनारे किशोर की चप्पलें मिलीं। इस खोज के बाद कृष्ण के जलाशय में डूबने की आशंका और बढ़ गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत NDRF की टीम को बुलाया। मंगलवार को NDRF के प्रशिक्षित गोताखोरों की टीम ग्राम भजिया पहुंची। टीम ने नाव और आधुनिक उपकरणों की मदद से जलाशय में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। घंटों की मशक्कत के बाद भी अब तक कृष्ण कोल का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस और NDRF की टीमें जलाशय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी खोज जारी रखे हुए हैं।

### गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने दी गई हिदायत

# कलेक्टर ने किया बरगी व्यपवर्तन की विजयराघवगढ़ शाखा नहर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत 224.48 करोड रूपए की लागत से बन रही करीब 42 किलोमीटर लंबी विजरायघगढ शाखा नहर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तय समय-सीमा मे नहर का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराया जाना सुनिचित करने के निर्देश दिये ।

इस दौरान एसडीएम विवेक गुप्ता और कार्यपालन यंत्री एन व्हीडीए सहज श्रीवास्तव, उपयंत्री आशीष अहिरवार एवं अमित कुमार साकेत और कांट्रैक्टर प्रतिनिधि के तौर पर संतोष तिवारी और सार्थक श्रीवास्तव सहित संबधित हल्के के पटवारी उपसथित रहे।



#### हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई

विजराघवगढ शाखा नहर पूर्ण होने के बाद इस अंचल के 20 हजार 911 हेक्टेयर भू-क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी । कलेक्टर श्री तिवारी ने खरखरी माइनर ,गौरहा माइनर ,दुरजनपुर और चरी गाव सहित जिजनौडी एवं घुरवई गाव मे निर्माणाधीन नहर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां अपने समक्ष आटो लेबल मशीन के माध्यम से नहर के बेड लेवल का मापन कराया। साथ ही गेट से पानी के निकासी हेतु बनाई जा रही संरचना का भी निरीक्षण किया ।

#### कब्जा दिलाने के निर्देश

इस दौरान मौके पर मौजूद एस डी एम श्री गुप्ता को कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया की नहर निर्माण के लिये भू- अर्जन के गतिरोध को दूर करायें और मुआवजा पा चुके किसानों से अर्जित भूमि का एनव्हीडीए को कब्जा दिलाने के निर्देश दिये । ताकि नहर निर्माण कार्य में गति आ सकें ।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गौरहा माईनर में वीआरवी, उन्होने दुरजनपुर मे 36 वें किलोमीटर नहर निर्माण के एक्सक्वेशन और बेड लेवल की जॉच की। साथ ही नहर के 38वें किलोमीटर पर नहर के लाईनिग कार्य का निरीक्षण किया ।

### पहले स्वयं स्वस्थ हो तभी समाज एवं देश का निर्माण कर सकते हो




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिवस एनएसएस स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ–सफाई की साथ ही बिजौरी ग्राम में जाकर जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता नशा मुक्ति उन्मूलन बाल संरक्षण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समझाया कि विद्यार्थियों को बच्चों को किस प्रकार से हमें रखना चाहिए उन्हें स्वच्छता स्वास्थ्य के साथ उचित पोषण युक्त भोजन देने के लिए समझाइश दी। इस अवसर पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण के लिए मजबूत बनने की प्रेरणा प्रदान की उन्होंने कहा कि पहले स्वयं स्वस्थ हो तब आप कहीं समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हो आपके अंदर क्षमता है और आप अपनी क्षमता के माध्यम से सब कुछ कर सकते हो आप अपने चरित्र का निर्माण करें और स्वस्थ चरित्र में स्वस्थ राष्ट्र का निवास होता है उन्होंने स्वयंसेवकों को अपना आशीर्वाद दिया और कहा कि हर मौके पर हम आपके साथ हैं आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे पर आप अपने व्यवहार से आचरण से समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे।

# तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर पलटी दो युवकों की हालत गंभीर, किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा कैमोर थाना क्षेत्र में लाल नगर के पास हुआ। हादसे में लाल नगर निवासी रवि बर्मन और देव नारायण को गंभीर चोटें आईं। रवि बर्मन के सीने में चोट लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वे बेहोश हो गए। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

घायलों को जब कैमोर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया तो वहां से जिला अस्पताल रेफर करने के लिए एंबुलेंस नहीं मिल सकी। एंबुलेंस कर्मचारियों ने करीब डेढ़ घंटे बाद आने की बात कही।



घायलों की हालत नाजुक देख परिजन और इंतजार नहीं कर सके और मजबूरी में निजी वाहन से उन्हें कटनी जिला अस्पताल ले जाना पड़ा। समय पर एंबुलेंस न मिलने से स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा देखने मिला। लोगों का कहना है कि गंभीर आपात स्थिति में भी स्वास्थ्य सेवाओं का न मिलना प्रशासन की बड़ी नाकामी है। स्थानीय लोगों ने कैमोर PHC में पर्याप्त स्टाफ और 24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

इस संबंध में बीएमओ विनोद कुमार ने बताया कि कैमोर केंद्र की एंबुलेंस बरही गई हुई थी जिस कारण तत्काल एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। हमने कटनी से 'जननी एक्सप्रेस' वाहन बुलाया था, लेकिन परिजनों ने प्रतीक्षा नहीं की।

### विजयराघवगढ़ में हुई जन सुनवाई में 105 आवेदकों ने कलेक्टर से बताई अपनी समस्यायें

# जांच कर खाद एवं दवा विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के दिये गये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन द्वारा हर मंगलवार की जनसुनवाई ,अब आम लोगों के लिए भरोसे और समाधान का मंच बन गई है।कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को विजयराघवगढ़ पहुंच कर 105 आवेदकों की समस्याएं सुना और अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

विजयराघवगढ़ में आयोजित जनसुनवाई में आवेदक गुलाब सिंह राठौर के द्वारा कलेक्टर आशीष तिवारी को बताया गया कि पिता राम कृपाल राठौर ग्राम हरकोहरी तहसील विजयराघवगढ़ खसरा नं.175 हल्का नं.14/5 में कुल रकबा 63 आरे भूमि है। सीमांकन के लिए आवेदन करने के बाद भी अब तक भूमि का सीमांकन नहीं हुआ है।इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित हल्का पटवारी तीरथ पटेल को सीमांकन कार्य में हीलाहवाली बरतनें पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर को जनसुनवाई में ग्राम पडरिया निवासी कैलाश चंद्र परौहा ने अग्रवाल कृषि केन्द्र और ग्राम ताली मोहनी निवासी नागेन्द्र पांडेय ने कृषक जागरण पहरूआ कटनी से खरपतवार नष्ट करने की दवाई ली थी, उससे फसल ही खराब हो गई। इसी प्रकार अग्रवाल कृषि केन्द्र से खरीदीं गई दवा का छिड़काव करने से भी फसल खराब हो गई। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि एसएडीओ से जांच कर संबंधित कृषि खाद एवं दवा विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में ही राम बाई चौधरी, दिनेश सूर्यवंशी,जय चौधरी,संजू चौधरी और विद्या बाई चौधरी को आयुष्मान कार्ड बनवा कर वितरित किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में दो बालिकाओं क्रमशःकुमारी आराध्या सोनी, माता - श्रीमती पुष्पा, पिता- अजय को और बालिका कुमारी अपूर्वा साहू, माता- श्रीमती सुषमा, पिता रमाशंकर को लाड़ली लक्ष्मी योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### पर्चा हल करने के बाद विद्यार्थियों के चेहरों में दिखी मुस्कान

# बहोरीबंद ब्लाक में 1796 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 15 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बोर्ड कक्षा 12 के विद्यार्थियों के चेहरों पर पर्चा हल करने के बाद मुस्कान नजर आई। सभी विद्यार्थी खुश थे। मंगलवार 10 फरवरी से बोर्ड कक्षा 12 वी की परीक्षा अंग्रेजी विषय के साथ प्रारंभ हो गई। बहोरीबंद विकासखण्ड में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

विकासखण्ड में दर्ज 1811 विद्यार्थियों में 1796 विद्यार्थी उपस्थित हुए व 15 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थी केन्द्र में सुबह 8.30 बजे पहुंच गए ओर प्रश्न पत्र का वितरण सुबह 9 बजे हुआ। स्लीमनाबाद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र हल करने के बाद बाहर आये विद्यार्थियों के चेहरों में मुस्कान



देखने को मिली। यहाँ दर्ज 213 परीक्षार्थी में 213 उपस्थित हुए। विद्यार्थियों का कहना था कि पेपर सरल आया था। हल करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। आगे के पेपर के लिए और अच्छी मेहनत की जाएगी।जिस तरह से हमने मेहनत किए थे, उसी के अनुरुप पर्चा आया और हमने हल भी किया। सिलेबस के अंदर से ही प्रश्न पूछे गए थे।

#### एसडीएम व बीईओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

एसडीएम राकेश चौरसिया व विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने विकासखंड के शासकीय ए एल राय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचैया, महावीर उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद व सांदीपनी शासकीय विद्यालय बहोरीबंद पहुंचकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही केंद्राध्यक्ष को उचित दिशा-निर्देश दिए।

#### 17 से 10वीं की परीक्षा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि 12 वी की बोर्ड परीक्षा मंगलवार से अंग्रेजी प्रश्न पत्र के साथ शुरू हुई!परीक्षा की निगरानी के लिए गठित उड़नदस्ते दल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पहले दिवस कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। वहीं 10 वी कक्षा की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी हालांकि 13 फ़रवरी को 10 वी कक्षा का उर्दू विषय का पेपर है लेकिन 17 फ़रवरी से अंग्रेजी विषय के साथ परीक्षा शुरू होगी। इसके अलावा 5 वीं 8 वी की भी वार्षिक परीक्षाएं 20 फ़रवरी से शुरू हो गई है।

#### कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवराकला परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां मंगलवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की छात्र परीक्षा दे रहे थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी को स्कूल में परीक्षार्थी शांति पूर्वक परीक्षा देते हुए मिले। इस दौरान एस डी एम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता भी मौजूद रहे।



# दो ट्रैक्टर ट्राली एवं हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस ने रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हाईवा एवं दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। मुखबिरों की सूचना पर यह कार्रवाई क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर की गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि सुड्डी ग्राम से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सुड्डी ग्राम के पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी की। इस दौरान नीरज श्रीवास नामक व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली में रेत भरकर बरही की ओर जा रहा था। जब पुलिस ने वाहन रुकवाकर रेत की रॉयल्टी या वैध दस्तावेज मांगे तो चालक कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। पुलिस ने तत्काल वाहन को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया। इसी तरह गणेशपुर से रोहनिया की ओर आ रहे एक ट्रैक्टर को पुलिस ने रोका। चालक संजीत सिंह से जब वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई प्रमाण नहीं दे पाया। अवैध रेत परिवहन की पुष्टि होने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। पुलिस ने जब्त वाहनों पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप



## अलग अलग स्थानों से पकड़े गये 12 जुआरी

**कटनी।** एन.के.जे. और बड़वारा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी और ताश के पत्ते भी बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार एन.के.जे. पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम देवराखुर्द के मैदान में चल रहे जुए के दो फड़ों में दबिश दी। पुलिस को देख जुआरियों ने भागने की कोशिश की जिनको घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने जिन लोगों को पकड़ा है उनमें रहबर खान 30 वर्ष, शईम खान वर्ष, और खलील खान वर्ष, निवासी जुगियाकाप शामिल हैं। इनके पास से 280 रुपये और ताश बरामद किए गए। वहीं दूसरे स्थान पर जुआ खेल रहे फारूख खान 32 वर्ष, ताहिर खान 28वर्ष, अजीम खान 45 वर्ष और अनिकेत खान 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 610 रुपये नगद जब्त किया गया। वहीं बड़वारा पुलिस ने भी मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुड़ेहरा में छापेमारी कर जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने मुड़ेहरा निवासी जग्गू प्रसाद चौधरी 35 वर्ष, गुड्डु प्रसाद चौधरी 39 वर्ष और गेंदा सिंह राठौर 42 वर्ष को पकड़ा। तीनों के पास से 370 रुपये नगद जब्त किया गया। इसी ग्राम के गोविंद प्रसाद केवट 40 वर्ष और पंकज केवट 34 वर्ष को जुआ खेलते पकड़ा गया, जिनसे 260 रुपये जब्त किया गया।

## नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस टाउन कटनी द्वारा 7 दिवसीय नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ होमगार्ड कार्यालय झिंझरी में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर श्रीमती विंकी सिंहमारे उइके रहीं। श्रीमती सिंहमारे ने उपस्थित सिविल डिफेंस प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्रों में सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट के.के. डाबराल, सेवानिवृत्त कंपनी कमाण्डर ओ.पी. दुबे, मास्टर ट्रेनर तिलकेश्वर परौहा तथा देवेश गौतम (रेंजर, वन विभाग कटनी) द्वारा नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का निर्माण करना है, जिससे जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह प्रशिक्षण भारत सरकार के आदेश एवं डायरेक्टर जनरल होमगार्ड नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के निर्देशानुसार, आयोजित किया गया।

## ट्रांसपोर्टर ऑफिस से 1 लाख 83 हजार किये पार



**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट कार्यालय में चोरो ने वारदात को अंजाम देते हुए बड़ी मात्रा में नकद रूपये पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार बाबा मोहनदास ट्रांसपोर्ट कंपनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर अलमारी में रखे 1,83,100 रुपये नकद चोरी कर लिये। शिकायतकर्ता भुवनेश्वर शर्मा 52 वर्ष निवासी मीरानाम कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि चोरी की यह घटना 8 फरवरी की रात 10:00 बजे से 9 फरवरी की सुबह 07:00 बजे के बीच हुई। ट्रांसपोर्ट ऑफिस पुरैनी स्थित बाबा ढाबा के सामने स्थित है। जब सुबह ऑफिस खोला गया, तब चोरी का पता चला। पुलिस चोरो की पतासाजी के प्रयास में जुटी है।

### बहोरीबंद विधायक ने किया भूमिपूजन, ग्राम पंचायत मवई ने विधायक को लड्डूओ से तोला

# 5 करोड़ 72 लाख से बनने वाली सड़क का हुआ भूमिपूजन, दशकों बाद मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





आजादी के 77 वर्षो बाद अब धीरे -धीरे ग्रामीण अंचलो की तस्वीर बदल रही है। कच्चे सड़क मार्ग से आवागमन का दंश झेल रहे बाशिंदों को अब पक्के मार्ग की सुविधा मिल रही है जिससे आवागमन में सहूलियत होगी। मंगलवार को विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा 5 करोड़ 72 लाख रूपये की लागत से बनने वाले रामनगर रामपाटन से हथियागढ़ पहुंच मार्ग जिसकी दूरी 3.75किलोमीटर थी, उसका भूमिपूजन किया गया। उक्त मार्ग बन जाने से रामपाटन के लोगों को 20 किलोमीटर की दूरी का चक्कर नही लगाना पड़ेगा, जिससे निजात मिलेगी। साथ ही किसान बाहुल्य ग्राम मवई के किसानों व राहगीरों को बड़ी राहत मंगलवार को मिली, जिससे उनके चेहरों मै खुशियाँ देखने को मिली।

### अब जाकर दूर होगी परेशानी

विधायक प्रणय पांडेय ने 2 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत राशि से बनने वाले मवई सलहना कमानिया गेट से भटिया मझगवाँ पहुंच मार्ग 3.65 किलोमीटर दूरी का भूमिपूजन किया गया!उक्त मार्गो का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा। इस दौरान गांव के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला।ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्षो से कच्चे मार्ग से आवागमन करना मजबूरी बना हुआ था जिस कारण वर्षा काल के समय आवागमन में सबसे अधिक परेशानी होती थी। इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक से मांग की गई ।जिसे विधायक ने संज्ञान में लेते हुए पक्के मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई।पक्का सड़क मार्ग बन जाने से आवागमन में सहूलियत रहेगी।

विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विकासखण्ड के ऐसे मार्ग जो कच्चे है आवागमन मैं परेशानियों का सामना राहगीरों को करना पड़ता है।उन कच्चे मार्गो को पक्के मार्ग में परिवर्तन करने का क्रम जारी है।

### 90 किलो लड्डुओं से तोला, ग्रामीणों को किया वितरण

मवई में सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचाय मवई के द्वारा नेक पहल पेश की गईं!ग्राम पंचायत सरपंच आशीष परौहा, उपसरपंच यशोदा पटेल, सचिव गोविंद पटेल, पंच संतोष तिवारी, सुशील कुशवाहा सहित अन्य पंचो ने विधायक प्रणय पांडेय को लड्डूओ से तौला। विधायक प्रणय पांडेय का वजन 90 किलो था। 90 किलो लड्डूओ जो वजन में निकले उन्हें फिर वितरण किया गया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, लोकेश ब्यौहार,उम्मेद सिंह, गणेश तिवारी,बिनोद गर्ग,जगदेव पटेल, बिनोद दुबे, रामानुज पांडेय,राजेश चौधरी, मदन पटेल सहित जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।



## एसपी ने अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी 13 फरवरी से जिले में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले की पुलिस लाइन झिंझरी मैदान में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती रैली के सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने भर्ती स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि भर्ती रैली के दौरान प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें तैनात की जाएं। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से वैकल्पिक मार्गों की पूर्व योजना सुनिश्चित की जाए। भर्ती स्थल एवं उसके आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भर्ती स्थल पर यह जानकारी प्रमुखता से प्रचारित की जाए कि भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित है। यदि कोई व्यक्ति चयन दिलाने के नाम पर अनुचित दबाव या पैसों की मांग करता है, तो उसकी तत्काल शिकायत पुलिस या भर्ती अधिकारियों से करें।

पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित इस अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा भाग लेंगे। इनमें जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले शामिल हैं।

*56 शिकायतों में से 27 का मौके पर ही किया गया निराकरण*

# महापौर की जन सुनवाई में महीनों से भटक रहे लोगों को मिली त्वरित राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नागरिक समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे। जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता को अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करना तथा नगर निगम और नागरिकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना था, जिससे समस्याओं को समझकर उनका समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी स्वयं उपस्थित रहीं और विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने सड़क मरम्मत, सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, खाद्य पर्ची, अतिक्रमण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तथा नाली-नालों से संबंधित समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर ने प्रत्येक मामले पर व्यक्तिगत रूप से विचार-विमर्श करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए।जिनमें 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। नागरिकों की समस्याओं के निरंतर समाधान और बेहतर प्रशासनिक संवाद बनाए रखने के लिए आगामी मंगलवार को भी तय समय पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।

### 35 हजार रूपए कीमती शराब सहित स्कूटी किया जब्त



शराब का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक युवक को झिंझरी चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के पास से करीब 35 हजार रूपए कीमती शराब सहित स्कूटी को जब्त किया गया है। चौकी प्रभारी उनि राजेश कुमार दुबे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कौडिया से एक युवक स्कूटी पर शराब लेकर पिपरौंध की ओर जा रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने जयंतीनगर नहर के पास घेराबंदी की। यहाँ ग्राम कौडिया निवासी उदय उपाध्याय (21) को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक बोरी में 330 पाव शराब बरामद हुई। आरोपित युवक के पास से 100 पाव मसाला और 230 पाव प्लेन शराब कुल 59 .40 लीटर शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत 35 हजार रुपये है। साथ ही स्कूटी भी जप्त की गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। इस कार्यवाही में प्रआर राजेश चौधरी, आरक्षक सुरेश कोरी, चन्द्रकमल पाण्डेय और सैनिक अक्षय पाण्डेय की भूमिका रही।

## वसूली कार्य में लापरवाही पर चेतावनी पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान वसूली कार्य में रूचि लेकर प्राथमिकता से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य करने के दिये गए निर्देशों के बाद भी कार्य में लापरवाही करने तथा कम वसूली करने वाले तीन सहायक राजस्व निरीक्षक सहित एक वार्ड वसूली कर्ता को चेतावनी पत्र जारी कर 7 दिवस में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली करने के निर्देश दिए है।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा जिन 4 राजस्व कर्मचारियों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। उनमें शैलेन्द्र कुंडे सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड क्रमांक 43, रमाकांत रावत सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड क्रमांक 40 एवं 41, संतोष बिरहा सहायक राजस्व निरीक्षक वार्ड क्रमांक 32 एवं पुरुषोत्तम तिवारी वसूली करता वार्ड क्रमांक 35, का नाम शामिल है। इन चारों कर्मचारियों को समीक्षा बैठक के दौरान निर्देशित किये जाने के पश्चात भी राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता बरतते हुए विगत वर्ष की तुलना में कम वसूली की गई।

निगमायुक्त ने चारों कर्मचारियों को वसूली कार्य को गंभीरता से लेते हुए 7 दिनों में वसूली में प्रगति लाकर निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं करने पर संबंधितों के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### पंचायत से जुडी समस्याओं पर की चर्चा, समाधान के लिए बनाई रणनीति

**उमरियापान।** मप्र राज्य पंचायत परिषद भोपाल के सरपंच संघ प्रदेशाध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर मंगलवार को अल्प प्रवास पर ढीमरखेड़ा पहुंचे। ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में सरपंचों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत भवन महनेर में सरपंचों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र की ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। सरपंचों ने अपनी-अपनी पंचायतों की समस्याओं से प्रदेशाध्यक्ष को अवगत कराया। जिस पर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा समाधान हेतु रणनीति तैयार की गई। प्रदेशाध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने सरपंचों को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत स्तर पर प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने एवं सभी सरपंच साथियों को संगठित रहकर पंचायतों के विकास हेतु समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया।

*महापौर ने अधिकारियों के साथ 1.92 करोड़ से निर्माणाधीन शाला भवन का किया निरीक्षण,*

# आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से सजेगा विद्यालय, विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर शिक्षा सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम स्वामित्व के विद्यालयों सहित नगर के शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं विद्यार्थियों को आधुनिक, तकनीक आधारित पठन-पाठन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ए. रविन्द्र राव उच्चतर माध्यमिक शाला में 1 करोड़ 92 लाख रुपये से अधिक की लागत से सर्वसुविधायुक्त जी+2 (प्लस टू) स्कूल भवन का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है।

निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोगिता और समय-सीमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार 10 फरवरी को मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में निर्माणाधीन शाला भवन का विस्तृत निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।



महापौर ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का उनका संकल्प शीघ्र साकार होगा। उन्होंने बताया कि शाला भवन के पूर्ण होने के बाद विद्यालय में कक्षाओं की संख्या में वृद्धि होगी तथा विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक पुस्तकालय, अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, सुरक्षित पेयजल व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय और खेलकूद की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

महापौर ने स्पष्ट किया कि यह जी+2 स्तर का भवन होगा, जिससे उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। इससे न केवल विद्यालय का शैक्षणिक स्तर ऊँचा उठेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए अवसर प्राप्त होंगे और उनके सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा।शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा और आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों के शैक्षणिक तथा सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

### अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने दिये निर्देश

# निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थायें मिलने पर निगमायुक्त ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर में नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा मंगलवार प्रातः माधवनगर के बाबा नारायण शाह वार्ड, हेमू कालाणी वार्ड और आचार्य कृपलानी वार्ड की सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, जल निकासी, व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने माधवनगर उप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं भी गंभीरतापूर्वक सुनीं।

माधवनगर क्षेत्र में की जाने वाली जलापूर्ति हेतु निर्मित पानी की टंकी एवं संपवेल के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा जल आपूर्ति की संपूर्ण प्रक्रिया, पिछली जल टेस्टिंग एवं टंकी की सफाई आदि की जानकारी उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव से ली जाकर रोजाना वार्डो से पानी की गुणवत्ता का परीक्षण कराने तथा टंकी सफाई की अवधि तिथि अंकित करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि नागरिकों को की जाने वाली पेयजल आपूर्ति में जरा भी कोताही न बरती जाए।

### नोटिस जारी करने निर्देश

ग्राम पंचायत चौराहा स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान शौचालय कक्ष में पर्याप्त साफ सफाई नहीं पाए जाने तथा केयर टेकर के स्थल पर मौजूद नहीं होने पर निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर सुलभ संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश सहायक यंत्री आदेश जैन को दिए।

### दरोगा को दी हिदायत

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा शासकीय औषधालय माधवनगर एवं उसके बाजू में नगर निगम की रिक्त भूमि का जायजा लिया। इस दौरान समक्ष में निर्मित नाले एवं गिरी पैलेस के बाजू के नाले में गंदगी पाए जाने पर वार्ड दरोगा को नालों की सफाई कराकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई।

### रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण

निगमायुक्त द्वारा हरे माधव चौक से मिलने वाले मार्ग में कराए गए रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु शोल्डर कार्य का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए।निगमायुक्त ने क्षेत्र की सुगम यातायात व्यवस्था हेतु मार्गों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने, मार्ग में अनधिकृत रूप से रखी निर्माण सामग्री को जब्त करने, अवैध नल कनेक्शन पर कार्यवाही करने के साथ ही समदड़िया आभूषण के बाजू में निर्मित नाले के ऊपर सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र ही चैंबर की मरम्मत कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पाई गई कमियों का शीघ्र समाधान करें तथा नियमित निगरानी के माध्यम से व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त द्वारा नगर निगम स्वामित्व की भूमियों का जायजा लेकर उन्हें संरक्षित करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।

## एनएसएस के छात्रों ने मझगवां में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में चतुर्थ दिवस स्वयंसेवक मझगवां ग्राम में रैली के माध्यम से उपस्थित होकर रहवासियों को स्वच्छता,स्वास्थ्य, नशा उन्मूलन, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ, युवा भारत, विकसित भारत निर्माण ,मतदाता जागरूकता ,जल बचाओ कल बचाओ, पौधा रोपण आदि विषयों से संबंधित जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोगों को समझाइश दी गई ।

यात्री प्रतीक्षालय मझगवा ग्राम की साफ -सफाई की गई जिससे यात्रियों को रुकने में किसी भी प्रकार की झिझक न हो। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि नशा विनाश का कारण है नशा के माध्यम से हम अपना घर परिवार का विनाश करते हैं। इसलिए हम हमेशा नशा मुक्त समाज बनाने का प्रयास करेंगे ।साथ ही मतदाता जागरूकता के अंतर्गत एस आई आर के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। वोटर आईडी बनवाने की जानकारी दी और स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका अदा करने की बात कहीं। मझगवां स्कूल में विद्यार्थियों को समझाइश देकर स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में बताया गया ।बच्चों को समझाया कि हमें हमेशा अपने माता-पिता को अपनी बातें बतानी चाहिए ।अपनी बातों को छिपानी नहीं चाहिए। गुड टच और बेड टच के बारे में विद्यार्थियों को बताया। स्वयंसेवकों ने कैंपस को साफ- सफाई की ।पाउच ,पन्नी ,पॉलिथीन मुक्त कैंपस बनाया । साथ ही सोख्ता गड्ढे का निर्माण कर पानी रोकने का उपाय किया।

## खास बातें

### 13 फरवरी को नोहटा में मदिरा दुकान में शुष्क दिवस घोषित

**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में श्री नोहलश्वर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, महोत्सव में आसपास के श्रद्धालुओं का जन समूह बड़ी संख्या में एकत्रित हो रहा है। जन समूह की एकत्रित होती बड़ी भीड़ को देख करके कलेक्टर दमोह ने इस संबंध में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रशासकीय तथा लोक हित को दृष्टिगत रखते हुए तथा लोक शांति ब कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने 13 फरवरी 2026 को नोहटा की भौगोलिक सीमा के अंतर्गत शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में मदिरा दुकान नोहटा ए एवं नोहटा बी बंद रखी जाकर मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ,आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित किया जावे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 समाप्ति की ओर

**दमोह।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 का क्रियान्वयन अंतिम चरण में है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का भी क्रियान्वयन प्रारंभ किया जा चुका हैं। योजनांतर्गत निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण करने के लिये भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। इस सबंध में नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री आवास योजना बी एल सी घटक 1.0 (जिनके आवास अपूर्ण है और जियो टेगिंग नही हुई है) के समस्त हितग्राही से कहा हैं आवास पूर्ण किये जाने के संबंध में निकाय स्तर से कई बार हितग्राहियों को निर्देशित किया गया है, किंतु हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण कार्य में विलंब किये जाने से योजना की प्रगति बाधित हो रही हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 समाप्ति की ओर है, यदि निर्धारित अवधि 28 फरवरी 2026 तक आपके द्वारा आवास पूर्ण नही किए जाते हैं तो भारत सरकार / राज्य सरकार से आगामी किश्त प्राप्त नहीं हो पायेगी। कार्यपूर्णता की जियो टेगिंग न होने की स्थिति में आपको आज दिनांक तक प्रदान की गई राशि ब्याज सहित वसूली हेतु नियमानुसार आरआरसी की कार्यवाही भी की जा सकती हैं जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी। उन्होंने कहा हितग्राहियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये निर्देशित किया जाता है कि 28 फरवरी 2026 तक अपने निर्माणाधीन आवास को पूर्ण करते हुये सामने की दीवार पर लोगो (छापा) अंकित कराते हुये कार्यपूर्णता की जियो टेगिंग कराना सुनिश्चित किया जाये। शासन के निर्देशों के अनुसार अप्रांरभ एवं नींव स्तर तक की जियो टेगिंग बंद हो चुकी हैं। आगामी माह से अन्य स्तर की जियो टेगिंग भी बंद होने की संभावना है।

देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में चल रहा श्री अति महारूद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा

# मनुष्य का जीवन श्रद्धा और विश्वास पर चलता है-पंडित अनिल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




जीवन की नाव दो पटरियों पर दौड़ रही है वह है श्रद्धा और विश्वास, यदि अपने परिवार में श्रद्धा और विश्वास नहीं है तो आपका परिवार नहीं चल सकता उक्त उद्गार देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री श्री 1008 श्री अति महारूद्र यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास डॉक्टर पंडित अनिल शास्त्री जी ने व्यक्त किए उन्होंने कथा में आगे बताया कि यदि जीवन में परमात्मा का सानिध्य चाहिए तो भगवान की भक्ति भजन जरूरी है जिस प्रकार भोजन में स्वाद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जब भी परमात्मा के दरबार मंदिर में जो तो मनी बैक लेकर नहीं जाना चाहिए वहां पर सिर्फ झोली लेकर जाओ क्योंकि परमात्मा दर्शन का विषय नहीं है अनुभूति का विषय है आप जैसी अनुभूति करेंगे परमात्मा वैसे ही रूप में आपके दर्शन देंगे परमात्मा भाव के भूखे होते हैं जैसा जीवन में परमात्मा के प्रति भाव बनाओगे वैसा जीवन चलेगा। उन्होंने कथा में आगे बताया कि जीवन में कभी किसी के सम्मान के ऊपर नहीं चलना नहीं तो आपका सम्मान खत्म हो जाएगा, कभी किसी को नीचा दिखाने का प्रयास नहीं करना चाहिए। पंडित श्री ने कहा कि जब भी हम कथा वह भजन में जाएं तो अपने बच्चों को जरूर लेकर जाना चाहिए क्योंकि बच्चों को शुरुआत में जैसा डालेंगे बच्चे वैसे ही ढल जाएंगे इसलिए बचपन से ही भगवत भजन में उन्हें जाने की आदत डालो यदि बच्चों का मन बचपन से ही भगवान के चरणों में लग जाएगा तो उन्हें जीवन में यश कीर्ति और सम्मान हमेशा मिलता रहेगा और परमात्मा की कृपा हमेशा रहेगी। क्योंकि हम सब परमात्मा के ही बनाए हुए हैं और बनाने वाला कारीगर शिल्पकार कभी अपनी चीज को बुरा नहीं बनाता इसलिए कोई भी नहीं सोचता कि हमारे द्वारा बनाया गया कुछ भी नष्ट हो जाए व्यक्ति अपने कर्मों से अपना जीवन नष्ट करता है परमात्मा से बड़ा कोई भी शिल्पकार नहीं है।

## श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी श्री कृष्ण विवाह का प्रसंग सुनाया





**हिंडोरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में हनुमान मंदिर प्रांगण के पास शिव शक्ति महिला भजन मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक ने महारास, भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंश बध, उद्धव गोपी संवाद और श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह के प्रसंग का वर्णन किया कथा वाचक पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण करने की कथा नहीं बल्कि जीवन परिवर्तित करने वाली कथा है। जो मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान और अहंकार से भक्ति की ओर ले जाती है श्रोताओं के हृदय में भगवान के प्रति प्रेम जागृत कर जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग दिखाती है ।उन्होंने आगे कहा कि ज्ञान और भक्ति के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है ज्ञान केवल संस्कारों के माध्यम से ही प्राप्त होता है रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मणी भगवान श्री कृष्णा के पराक्रम और वीरता की कहानी सुनकर उनसे प्रेम करने लगी थी। रुक्मणी ने कृष्ण को पत्र भेजकर संदेश भेजा जिसमें उन्होंने विवाह की इच्छा जताई थी। संदेश मिलते ही श्री कृष्णा विदर्भ पहुंचे और रुक्मणी का हरण कर लिया इसके बाद रुक्मणी का भाई रुक्मी अपनी सेना के साथ श्री कृष्ण का पीछा करने लगा दोनों के बीच भीषण युद्ध हुआ जिसमें भगवान की विजय हुई और द्वारका पहुंच कर रुक्मणी के साथ विवाह किया। यह प्रसंग जीव भक्त और ब्रम्ह भगवान के मिलन का प्रतीक है जो सिखाता है कि सच्चा प्रेम ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग है। जब भक्त मन, वचन और कर्म से अपना मानकर पुकारता है तब भगवान सामाजिक बाधाओं को तोड़कर भी उसे स्वीकार करते है।उन्होंने आगे कहा कि जब अधर्म और अहंकार मार्ग में बाधा बनते है तब भगवान स्वयं प्रकट होकर अधर्म का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कथा के दौरान पंडाल में विवाह पर महिलाओं ने विवाह के मंगल गीत गाए कृष्ण रुक्मणि की सुंदर झांकी सजाई गई ।कथा में विनीता साहू, विमला साहू, ममता साहू, शांति नामदेव, कलावती विश्वकर्मा, रेवती साहू, भागवती साहू, संतोष रानी, सुशीला ठाकुर, तुलसा साहू सहितशिवशक्ति महिला भजन मंडल की समस्त महिलाएं एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया औचक निरीक्षण

### जबेरा क्षेत्र के शाला पटी स्कूल का निरीक्षण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल शाला पटी का निरीक्षण भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह के द्वारा किया गया स्कूल में कुल 38 दर्ज बच्चों की संख्या थी लेकिन मात्र 19 बच्चे उपस्थित पाए गए बच्चों के स्तर को जांचा गया सभी बच्चे अच्छी तरह से अपनी बुक्स वगैरह पढ़ लेते हैं लेकिन मध्यानह भोजन सही नहीं मिलता है ऐसी बच्चों ने शिकायत की कि भोजन ठीक से नहीं मिल रहा है रोटी कम मिलती है सब्जी ठीक नहीं मिलती है अतिथि शिक्षक भूपेद्र चक्रवर्ती स्कूल में अपना कार्य करते हुए पाए गए जबकि एक अन्य परमानेंट शिक्षक नोने सिंह ठाकुर किसी काम से बनवार गये हुए थे उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने सभी बच्चों को पेन वितरित किए सभी से प्रतिदिन स्कूल आने को कहा। स्कूल का संचालन विधिवत पाया गया।

## खर्राघाट से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए जप्त

**दमोह।** जिला कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। इस सबंध में खनिज अधिकारी दमोह ने बताया दमोह तहसील अन्तर्गत ग्राम इमलिया के बयारमा नदी अन्तर्गत खर्राघाट से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस चौकी इमलिया मे खडा किया गया। इसके अलावा एक अन्य ट्रेक्टर द्वारा रेत का अवैध परिवहन पाए जाने पर इमलिया मे जप्त कर पुलिस चौकी इमलिया मे खड़ा किया गया है। उन्होंने कहा उक्त दोनो प्रकरण मे गौण खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

## नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 10.2.26 को नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी के निर्देशन में किया गया। इस कार्यशाला का विषय तनाव प्रबंधन रहा। कार्यशाला का प्रारंभ मां सरस्वती जी के पूजन द्वारा किया गया। प्राचार्य जी ने सभी को आशीष वचन प्रदान किये। राष्ट्रीय कार्य बल की नोडल अधिकारी डॉ. राधा ताम्रकार के द्वारा कार्यशाला का प्रयोजन बतलाया गया। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.पी. नायक द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की गतिविधि, सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई नीतियां एवं नेशनल टास्क फोर्स की समीक्षा के बारे में छात्रों को अवगत कराया। डॉ. अवधेश जैन ने पारिवारिक तनाव, परीक्षा संबंधी व्यवहार एवं क्षमा और धन्यवाद बड़े से बड़े तनाव को कम कर सकते हैं के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि के रूप पधारी डॉ. विधि गुप्ता, उमंग काउंसलर, जिला अस्पताल, दमोह ने तनाव प्रबंधन को सकारात्मक से जोड़कर बात कही। मंच का संचालन डॉ. आराधना श्रीवास एवं आभार डॉ. असलम खान ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अरूणा एम. जैन, डॉ. मालती नायक, श्रीमती प्रीति वर्मा, श्रीमती जया अहिरवार, डॉ. दिनेश कुमार पटेल, डॉ. उमेश दीपांकर, डॉ. अमिता श्रीवास्तव, डॉ. शिवशंकर मरकाम, डॉ. स्मिता यादव तथा अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## हटा विधायक ने भैंसा में बिजली सब स्टेशन का किया भूमिपूजन



**दमोह।** विधायक हटा उमादेवी खटीक ने हटा विकासखंड के गैसाबाद में आज बिजली सब स्टेशन का भूमिपूजन किया। यंहा 290 लाख की लागत से 33 kv का बिजली सब स्टेशन निर्माण कार्य किया जायेगा। भूमिपूजन का शुभांरभ हटा विधायक उमादेवी खटीक, पँडित लक्ष्मण तिवारी और जनप्रतिनिधियों ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटेल भी मौजूद रहे।

## बांदकपुर उपकेंद्र में 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर स्थापित, क्षेत्र को मिली बड़ी राहत

**बनवार।** बनवार-बांदकपुर वितरण केंद्र अंतर्गत 33/11 केवी उपकेंद्र बांदकपुर में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अधीक्षण अभियंता अमित कुमार चौहान तथा कार्यपालन अभियंता (दक्षिण संभाग, दमोह) एम.एल. साहू के निर्देशानुसार एवं कार्यपालन अभियंता एस.टी.एम. मोहन सुल्या के मार्गदर्शन में उपकेंद्र में 10 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। कनिष्ठ अभियंता सपनेश धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उन्नयन से क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व में उपकेंद्र पर 5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर कार्यरत था, जो बढ़ते विद्युत भार के कारण अक्सर ओवरलोड की स्थिति में आ जाता था। इसके चलते उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती, लो वोल्टेज और फाल्ट जैसी समस्याओं से जूझना पड़ता था। विशेषकर गर्मी के मौसम में विद्युत मांग बढ़ने से पुराने ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक दबाव बना रहता था, जिससे ट्रिपिंग और आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी रहती थी। अब 10 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित होने से लोड संतुलन बेहतर होगा और क्षेत्र में निर्बाध व सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इस उन्नत व्यवस्था का लाभ केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कृषि, व्यापार, लघु उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों को भी स्थिर और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति उपलब्ध होगी। विद्युत विभाग के इस कदम से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# भक्ति, संगीत और नारी शक्ति का दिव्य संगम, नोहलेश्वर महोत्सव बना ऐतिहासिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव 2026 का चतुर्थ दिवस भक्ति, संस्कृति और जनआस्था का भव्य उत्सव बनकर उभरा। नोहटा स्थित नोहलेश्वर धाम में आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध भजन गायक बाली ठाकरे जी एवं रिजा खान द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने संपूर्ण मंदिर परिसर को शिवभक्ति, रामभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। भजनों में भक्ति के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश देखने को मिला। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री गणेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बड़ी संख्या में दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा देते हैं। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनभागीदारी को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मुख्य अतिथि बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है। यह महोत्सव समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का कार्य कर रहा है। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं विधायक नीरज सिंह ने महोत्सव परिसर का भ्रमण कर तीरंदाजी, मौत का कुआं सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजन स्टॉलों का अवलोकन कर उनका आनंद लिया। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक स्वागत-सम्मान किया गया। इसी क्रम में 10 फरवरी को नोहलेश्वर महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भव्य महिला सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र से पधारी लाड़ली बहनों एवं मातृशक्ति की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिलाओं को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह ने कहा समाजसेवा ही हमारा उद्देश्य है और मातृशक्ति समाज की वास्तविक रीढ़ है। महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन ही किसी भी सशक्त समाज की पहचान है। नोहलेश्वर महोत्सव के माध्यम से हम भक्ति, संस्कृति और नारी सशक्तिकरण को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। नोहलेश्वर महोत्सव 2026 भक्ति, संगीत, संस्कृति और नारी सशक्तिकरण का अनुपम संगम बनकर सामने आया, जिसने श्रद्धालुओं और सहभागियों के मन में आस्था, उल्लास और प्रेरणा की अमिट छाप छोड़ी।

## 9 से 16 मार्च तक आयोजित होगी भव्य श्री ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा

**दमोह।** सनातन संस्कृति की अनुपम धरोहर ब्रजभूमि की पावन रज में चलकर श्रीकृष्ण की लीला स्थलियों के दर्शन का सौभाग्य एक बार पुनः श्रद्धालुओं को प्राप्त होने जा रहा है। श्री बांके बिहारी जी की विशेष कृपा एवं श्री राधा रानी जी की असीम अनुकंपा से 09 मार्च से 16 मार्च 2026 तक श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा दर्शन यात्रा का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का सान्निध्यकर्ता एवं मार्गदर्शक परम श्रद्धेय पं. श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने बताया कि इस अलौकिक यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालु श्रीधाम वृंदावन, मथुरा, गोकुल, नंदगांव, बरसाना, रावल, रमणरेती, गोवर्धन पर्वत, सहित 12 वन, 24 उपवन एवं 3 शीलाओं के साथ-साथ 84 कोस के प्रमुख एवं दुर्लभ लीला स्थलों के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। यात्रा पूर्णतः वाहनों द्वारा संपन्न कराई जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए शुद्ध सात्त्विक भोजन, सुरक्षित आवास एवं सुगम परिवहन की उत्कृष्ट व्यवस्था की जायेगी, जिससे श्रद्धालु निश्चिंत होकर भक्ति-रस में सराबोर हो सकें। पावन यात्रा 08 मार्च 2026, दोपहर 3 बजे श्री शिव-साईं धाम, बेलाताल मंदिर से निकलेगी यही से सभी यात्रियों का एकत्रीकरण स्थल निर्धारित किया गया है। आयोजक मंडल ने समस्त श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे समय रहते रजिस्ट्रेशन कराकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, क्योंकि सीमित सीटों के कारण पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर पंजीयन किया जा रहा है।

## वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



दमोह । भारतीय स्टेट बैंक दमोह शाखा द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र (FLC) दमोह एवं लीड डिस्ट्रिक्ट कार्यालय दमोह के सहयोग से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन दमोह एवं जबेरा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर आम नागरिकों को वित्तीय साक्षरता, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा केवाईसी अद्यतन से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान लोगों को डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय, तथा समय-समय पर केवाईसी अपडेट कराने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक बैंकिंग जागरूकता पहुँचाना तथा नागरिकों को सुरक्षित और सशक्त वित्तीय व्यवहार के लिए प्रेरित करना हैं। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक दमोह आशीष रावत, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (LDM) दमोह हेमंत खिसानिया, सर्विस मैनेजर सौम्या श्रीवास्तव सहित बैंक एवं लीड डिस्ट्रिक्ट कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसबीआई ने कन्या महाविद्यालय को सैनिटरी नैपकिन इन्सिनरेटर दिये

**दमोह** । महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भारतीय स्टेट बैंक दमोह शाखा द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के अंतर्गत शासकीय कन्या कमला नेहरू महाविद्यालय दमोह को सैनिटरी नैपकिन इन्सिनरेटर दान किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। सैनिटरी नैपकिन इन्सिनरेटर की स्थापना से छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित कचरे के सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल निस्तारण की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल स्वच्छता में सुधार होगा, बल्कि असुरक्षित तरीके से कचरा फेंकने से होने वाले संक्रमण एवं पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से भी निजात मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (Menstrual Hygiene Management) महिलाओं के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पहलू है और इसके सुरक्षित निस्तारण हेतु ऐसी सुविधाएँ अत्यंत आवश्यक हैं। एसबीआई द्वारा की गई यह पहल छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर के निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। महाविद्यालय प्रशासन ने इस उपयोगी योगदान के लिए भारतीय स्टेट बैंक का आभार व्यक्त किया और इसे छात्राओं के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक दमोह की भारती चौहान, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य गोपाल प्रसाद चौधरी एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## तिरूमाल गेंदा शाह उइके का हुआ दमोह अगमन



**दमोह।** अखिल गोंडवाना कायापुनेम भुमका सेवा संस्था संघ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष तिरूमाल गेंदा शाह उइके जय सेवा गुरूजी का अल्प समय के लिए दमोह अगमन हुआ जिसमें उनके साथ मातृशक्ति भी रही जिसका स्वागत मगंलम होटल में फूल मालाओं एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर नारायण सिंह मराबी प्रदेश सहसचिव, दादा नारायण सिंह ठाकुर से.नि. अपर कलेक्टर, विश्वनाथ धुर्वे से.नि.एलआईसी, मानकपुरी, प्रमोद सिंह मरकाम, एम.एस परते, आलम सिंह मराबी, भुमका गुरू इत्यादि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## जनसुनवाई में 251 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 251 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 17 आधार कार्ड एवं 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के ग्राम नोहटा, अभाना सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 23 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें शत-प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया।

## हिंदुत्व केवल धर्म नहीं, जीवनशैली और विचारधारा है : पं. ऋषिकांत गर्ग



**बनवार।** ग्राम घटेरा में आयोजित सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा-वाचन के दौरान बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने हिंदुत्व के व्यापक और गहन स्वरूप पर प्रभावी उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व केवल किसी एक धर्म तक सीमित अवधारणा नहीं, बल्कि यह एक जीवनशैली, विचारधारा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जो हिंदू समाज की आत्मा में रची-बसी है। कथावाचक ने बताया कि हिंदुत्व भारतीय संस्कृति की समग्रता को अभिव्यक्त करता है, जिसमें समरसता, संतुलन और सह-अस्तित्व के मूल मूल्य निहित हैं। यह अवधारणा सदियों पुरानी है और केवल धार्मिक आस्था तक सीमित न रहकर भारतीय सभ्यता की रीति-रिवाजों, परंपराओं और दर्शन का मूल स्त्रोत रही है।

अपने वक्तव्य में उन्होंने "सर्वधर्म समभाव" और "वसुधैव कुटुंबकम्" जैसे सनातन विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की भूमि पर पारसी, यहूदी, बौद्ध, जैन, सिख और मुस्लिम समुदायों का समृद्ध इतिहास हिंदुत्व के सह-अस्तित्व और सहयोगी भाव का सशक्त प्रमाण है। कथा स्थल पर भक्ति, संगीत और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। आयोजन के दौरान भव्यता और दिव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मौके पर तुरंत पहुंची हटा पुलिस की सूझबूझ से बची बड़ी घटना, एसपी ने मौके पर पहुंचकर किया मुआवना

# सेन्ट्रल बैंक में चोरों ने खिड़की से ब्लास्ट कर की चोरी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के राय चौराहा स्थित सेंट्रल बैंक में सोमवार-मंगलवार की रात अज्ञात चोर ने चोरी का प्रयास किया, जिसे पुलिस की त्वरित कार्रवाई से विफल कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक कर्मचारियों ने पुलिस को सूचित किया, जिससे संभावित बड़ी घटना को टालने में सफलता मिली। दमोह के एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने मंगलवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया और बैंक अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बैंक के निरीक्षण के लिए डॉग स्क्वाड और फिंगरप्रिंट टीम को तैनात किया गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।



एसपी सोमवंशी ने कहा, ‟सोमवार देर रात बैंक में चोरी का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। बैंक के कर्मचारियों को भी दिल्ली से एक्सेस मिला, जिससे पुलिस को तुरंत जानकारी दी गई।थाना प्रभारी सुधीर बेगी की त्वरित कार्रवाई के चलते चोर बैंक का अलार्म बजने पर भाग निकला। सुबह डॉग स्क्वाड और फिंगरप्रिंट टीम ने बैंक का निरीक्षण किया, जिसमें किसी प्रकार की घटना नहीं हो पाई। हालांकि, बैंक के पीछे की सुरक्षा कमजोर होने की वजह से बैंक प्रबंधन को सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैंक मैनेजर अखिलेश कुमार ने बताया, दिल्ली से हमें सूचना मिली कि बैंक में कोई घटना का प्रयास हो रहा है। हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया। बैंक में साढ़े चार लाख रुपये नगद थे और 25 लाकर हैं, लेकिन पुलिस की सजगता और नेट कनेक्टिविटी की मदद से एक बड़ी घटना टल गई।

हटा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों में डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिनका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। अब देखना होगा कि पुलिस बैंक में चोरी का प्रयास करने वाले चोर को कब तक पकड़ पाती है।

## इंसाफ मांगने अस्थियां लेकर दमोह जा रहे परिजनों को पुलिस ने रोका

**दमोह।** जिले के सीमावर्ती पन्ना जिले के ग्राम टपरिया निवासी महेंद्र सिंह लोधी ने गत 5 फरवरी को आत्महत्या कर ली। जिला प्रशासन ने पिछले दिनों आत्महत्या के कारणों को लेकर पन्ना पुलिस द्वारा की जा रही जांच के इंतजार की बात कही थी एवं पूरे मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया था। उन्होने आगामी दिनों में होने वाले प्रदर्शन व अफवाहों को लेकर भी लोगो से शांति बरतने की अपील की थी। मंगलवार को परिजनों द्वारा बताया गया कि इलाज के लिये स्वास्थ्य केंद्र जाना महेंद्र की जिंदगी का सबसे बड़ी गल्ती बन गई जिसका अंजाम उसकी मौत तक जा पहुंचा। महेंद्र को जीते जी न्याय नहीं मिल सका लेकिन जब तक प्रशासन द्वारा दोषियों पर कार्यवाही कर न्याय नहीं दिलाया जाता तब तक महेंद्र की अस्थियों को कलेक्ट्रेट के बाहर रखकर प्रदर्शन करेंगे। पैदल दमोह आ रहे परिजनों व बच्चों को पटेरा पुलिस ने पटेरा में रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वीडियो सोशल मीडिया पर चलती रही। पुलिस के प्रयास विफल रहे व नेताओं के साथ परिजन दमोह की ओर प्रस्थान कर गये।

**यह था मामला-** बीते माह जिले के सीमा से सटे पन्ना जिले के ग्राम टपरिया निवासी महेंद्र लोधी अपनी पत्नी को लेकर रनेह स्वस्थ केंद्र गया था, वहां से लौट ये वक्त स्टाफ नर्स नीलिमा यादव द्वारा बस रुकवाकर महेंद्र के साथ चप्पलों से मारपीट की गई थी। जिसका वीडियो बहुत वायरल हुआ था। महेंद्र ने नर्स के खिलाफ रनेह थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। लेकिन परिजनों का आरोप है कि नर्स ने महेंद्र को ही कई मामलों में फंसा दिया था। न्यायालय में लंबित मामले के बीच ही न्याय की आशा में महेंद्र ने अपनी जीवन लीला समाप्त करना ही उचित समझा।

अभियुक्त को 6 माह का कारावास एवं क्षतिपूर्ति का आदेश

# चेक बाउंस मामले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा तेंदूखेड़ा द्वारा दायर चेक बाउंस प्रकरण में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पाटन, जिला जबलपुर की न्यायाधीश श्रीमती विजय भारती यादव द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया गया है। यह प्रकरण परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के अंतर्गत बैंक द्वारा परिवादी के रूप में प्रस्तुत किया गया था। मामले के अनुसार अभियुक्त सनमति कुमार जैन निवासी जैन मंदिर के पास तेंदूखेड़ा द्वारा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा तेंदूखेड़ा से 2,00,000 (दो लाख रुपये) का ऋण लिया गया था, जिसे समय पर चुकाया नहीं गया। बैंक द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के पश्चात अभियुक्त ने बैंक को 1,62,000 (एक लाख बासठ हजार रुपये) का चेक प्रदान किया। उक्त चेक बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर अनादरित (चेक बाउंस) हो गया। चेक बाउंस होने के पश्चात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 4 फरवरी 2025 को पाटन सिविल न्यायालय में अभियोग प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में बैंक की ओर से अधिवक्ता श्री अभिषेक अग्रवाल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 28 जनवरी 2026 को निर्णय सुरक्षित किया गया। माननीय न्यायालय ने निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त सनमति कुमार जैन को दोषी करार दिया और उन्हें 6 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अभियुक्त को परिवादी बैंक को 1,86,775 (एक लाख छियासी हजार सात सौ पचहत्तर रुपये) प्रतिकार राशि अदा करने का आदेश दिया गया। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि यदि अभियुक्त प्रतिकार राशि अदा करने में विफल रहता है, तो उसे एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इस संबंध में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा तेंदूखेड़ा के प्रबंधक श्री निशांत चौरसिया ने बताया कि बैंक अपने ग्राहकों को समय पर ऋण सुविधा प्रदान करता है, लेकिन ऋण की अदायगी न करना एवं चेक बाउंस जैसे मामलों में बैंक कानून के तहत कड़ी कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बैंकिंग प्रणाली में विश्वास बनाए रखने एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैंक प्रबंधन ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे न्याय की जीत बताया है।

## सीएसआर के तहत मायसेम सीमेंट ने बांटी शैक्षणिक सामग्री



**नरसिंहगढ़।** मायसेम सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यो(CSR) के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला ग्राम नेंगुआ में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री एवं पानी की बोटल,टिफिन का वितरण किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में फैक्ट्री का ये सराहनीय कदम है स्कूली छात्र छात्राओं को सामग्री मिलते ही सभी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। समाज के प्रति फैक्ट्री द्वारा लगातार अनेक क्षेत्रों में विकास के कार्य किए जा रहे है। इस अवसर पर फैक्ट्री की तरफ से माइंस हेड अजय खरे,अरविंद श्रीवास्तव,आलोक तिवारी,निशांत चौरसिया के साथ गांव के सरपंच सरोजिनी बलराम यादव, सचिव दशरथ पटेल, शिक्षक द्वारका मिश्रा ,राजेंद्र प्यासी, अंकित प्यासी,सरोज प्यासी, सुरभि मिश्रा उपस्थित थे। कंपनी का यह कार्यक्रम शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करता हैं।

## फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर बटियागढ़ में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के बटियागढ़ में चल रहे मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल एवं फिल्मी दुनिया में बैडमेन के नाम से मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुये। अभिनेता गुलशन ग्रोवर के साथ राज्यमंत्री द्वय ने खुली जीप में बैठकर क्रिकेट मैदान का राउण्ड लिया और उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर राज्यमंत्री द्वय श्री लोधी एवं श्री पटैल ने पुष्पमाला, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया । पूर्व विधायक सोनाबाई अहिरवार एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, कपिल शुक्ला, मोहन पटैल एवं लोकेन्द्र सिंह (लकी भैया) ने भी अभिनेता श्री ग्रोवर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बटियागढ़ में चल रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध अभिनेता गुलशन ग्रोवर जी का आगमन हुआ और उनको देखने के लिए जनता उमड़ पड़ी। बैडमेन की ख्याति प्राप्त प्रसिद्व फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने कहा क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करने के लिए इतनी दूर से आया हूँ। खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रदर्शन से यहां खड़े व्यक्तियों को प्रोत्साहन मिल रहा हैं कि वे भी स्पोर्टस की तरफ जाएं। यह सबसे बड़ा आकर्षण हैं, यह जरूरी हैं कि आप अपने आपको खेल गतिविधियों से जोड़ें। यहां मैच और भी बढ़िया तरीके से होंगे फिल्मी अभिनेता, कलाकार आयेंगे। उन्होंने कहा सभी कलाकारों के प्रति आपका स्नेह और सम्मान देखने मिला हैं। अभिनेता श्री ग्रोवर ने कहा जिस प्रकार से यहां पर विकास हो रहा हैं, टूरिज्म से जुडे.विकास भी हो रहे हैं। श्री ग्रोवर ने जनता की मांग पर फिल्म से जुड़े एक से बढ़कर एक डायलॉग सुना कर दर्शकों का शानदार मनोरंजन भी किया। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने कहा आज का दिन बड़ा गौरव का दिन है, आज का दिन बटियागढ़ के इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। मशहूर फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर जिन्होंने लगभग 400 बॉलीवुड और हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है और जो 'बैड मैन' के नाम से जाने जाते हैं, लेकिन वो बैड मैन सिर्फ फिल्मों में हैं, व्यक्तिगत जीवन में बहुत सज्जन और सरल व्यक्ति हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा अभिनेता श्री ग्रोवर विदेश में शूटिंग कर रहे थे और शूटिंग कैंसिल करके, एक दिन के लिए, एक घंटे के लिए वह बटियागढ़ तक आए। मुंबई से चलकर जबलपुर और जबलपुर से बाय रोड (सड़क मार्ग) से यहाँ तक पहुंचे। जिले के बटियागढ़ में आयोजित मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सदगुआ और चिरोला क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में चिरोला क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सदगुआ टीम ने 15 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिरोला क्रिकेट क्लब की टीम ने दो विकेट से मैच जीता। और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभम पटेल को मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

उपभोक्ता भण्डार संचालक भी उपभोक्ताओं को ठीक से जबाब नहीं दे पा रहे

# गरीबों को नहीं मिल पा रही राशन सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

तकनीकी समस्या के चलते नगर हिंडोरिया सहित लगभग जिले भर के सभी गरीब हितग्राही पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से मिलने वाले राशन सामग्री प्राप्त करने से वंचित हैं। जन संगठन एकता परिषद के जिलाध्यक्ष सुजात खान ने बताया कि जिले भर की राशन दुकानों मे पर्याप्त मात्रा में गेहूँ- चावल आदि सामग्री उपलब्ध है। सभी गरीब उपभोक्ता दुकानों के चक्कर काट- काट कर सतत परेशान हैं। भण्डार के संचालकों का कहना है कि हम लोग क्या करें। हम लोग उपभोक्ताओं के साथ खुद परेशान हैं। हम लोगों को उपलब्ध राशन सामग्री समय पर वितरित करना चाहते हैं। हम रोज दुकान खोलते हैं। किंतु पिछले एक सप्ताह से सरबर डाउन होने के चलते हम गरीबों को उपलब्ध खादय सामग्री नही दे पा रहे हैं। सरबर खुल नही रहा है। अतएव मशीन नही चल रही है। बिना मशीन चालू हुये हम सामग्री चाहकर भी गरीबों को नही दे सकते। इस लिये वितरण प्रभावित हो रहा है। सरकार की इस तकनीकी पेचीदगी से उत्पन्न गरीबों की राशनिंग व्यवस्था चरमरा गई। गरीबों को बाजार से औने- पौने दामों में अनाज खरीदने विवश होना पड़ रहा है। कुछ दुकानों में संचालकों एवं उपभोक्ताओं मे तूं तूं मैं मैं की स्थिति बन रही है। जबकि भण्डार संचालकों का कोई दोष नही है। श्री खान ने कलेक्टर एवं जबाबदार खादय विभाग के अधिकारियों से इस दिशा में शीध्र उचित कदम उठाने की मांग की है।

3 दिन में बरामद न होने पर नोहटा में मुख्यमंत्री के सामने करेंगे प्रदर्शन....

# नाबालिग छात्रा को ढूढ़ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

करीब डेढ़ महीने पहले ब्राह्मण समाज की एक कक्षा 10 वी की छात्रा का अपहरण कर लिया गया था जिसके विषय में बाकायदा अपराध भी पंजीबद्ध किया गया किंतु इतना लंबा समय हो जाने के बाद भी आज दिनांक तक दमोह पुलिस छात्रा को बरामद नहीं कर पाई जबकि पीड़ति परिजनों ने तमाम साक्ष्य सबूत मोबाइल नंबर पुलिस को सौंपे फिर भी नतीजा सिफर रहा ।इसी घटनाक्रम से पीड़ति होकर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने आज पीड़ति परिवार के साथ एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक दमोह के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें आगामी तीन दिवस में बालिका को बरामद करवाने की बात ब्राह्मण समाज द्वारा कही गई। सम्पूर्ण कार्यवाही पर ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय एवम मनीष नगाइच ने बताया के पुलिस द्वारा नाबालिग की बरामदगी के जो प्रयास आज दिनांक तक किये गए हैं वह नाकाफी रहे हैं ,प्रतिनिधि मंडल द्वारा इस गम्भीर मामले में पुलिस अधीक्षक से दो टीमें गठित करने की एवम सायबर एक्सपर्ट को तलाशी में लगाने की बात कही जिस पर पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित किये जाने एवम सायबर टीम को ट्रेसिंग पर लगाने का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया है। वहीं पीड़ति परिवार ने आगामी तीन दिनों बालिका के बरामद न होने पर आगामी दिनों में 13 तारीख को मुख्यमंत्री के नोहटा आगमन पर उनके समक्ष प्रदर्शन की बात कही है। सम्पूर्ण ज्ञापन की कार्यवाही के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल में पंडित संजय सरवरिया,पंडित ब्रजेश गर्ग, पंडित गोविंद तिवारी पंडित अर्पित पांडेय पंडित गरिमा त्रिपाठी एवम पीड़ति परिवार की उपस्थिति रही।

## बोर्ड परीक्षा प्रारंभः प्रथम दिन 9951 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

जिले के 79 केंद्रों पर आयोजित अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुई। प्रथम दिन अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में कुल 10050 विद्यार्थियों में से 9951 विद्यार्थी उपस्थित रहे 99 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे। संपूर्ण परीक्षा कैमरे की निगरानी में की जा रही हैं जिसका नियंत्रण जिला स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर द्वारा किया जा रहा है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर 17 निरीक्षण दल बनाए गए हैं जो विभिन्न केंद्रों पर अपनी नजर रखे हुए हैं। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों में अतिरिक्त तौर पर ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं जो पूरे 3 घंटे उपस्थित रहकर परीक्षा की निगरानी कर रहे हैं। प्रथम दिन किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना।

## चौक समारोह के दौरान तलवार से हमला, एक गंभीर रूप से घायल



**हटा।** नगर के गौरीशंकर वार्ड में सोमवार रात एक चौक समारोह के दौरान बंसल समाज के दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद में एक व्यक्ति ने दूसरे पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति लखन बंसल ने बताया कि उनके बड़े भाई के यहां बेटी के जन्म के उपलक्ष्य में चौक कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।राहुल बंसल को समारोह में बाजा बजाने के लिए बुलाया गया था। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद के बीच, राहुल ने लखन पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे लखन के गाल पर गहरा घाव हो गया। घायल लखन को तुरंत हटा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के पीछे शराब सेवन को भी एक कारण बताया जा रहा है, क्योंकि घायल व्यक्ति घटना के समय अत्यधिक नशे में था। हटा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाद के पीछे के सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस गहराई से जांच कर रही है। यह घटना समाज में हिंसा और विवादों के बढ़ते मामलों की ओर ध्यान आकर्षित करती है और इसे लेकर प्रशासन को सतर्क रहना होगा।

# नोहलश्वर महोत्सव में आज से 15 तारीख तक ख्याति प्राप्त कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुतियां

### 13 फरवरी को माननीय मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम नोहटा में चल रहे नोहलश्वर महोत्सव के द्वितीय चरण में आज से लेकर के आगामी 15 फरवरी तक देश के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से आज शिव तांडव नृत्य नाटिका में डॉक्टर लता मुंशी एवं साथी भोपाल से बुंदेली गायन में रजनी यादव लक्ष्मी ठाकुर एवं साथी बलाय पुर ,भरतनाट्यम नृत्य में कामना नायक एवं साथी जबलपुर तथा भक्ति गायन में कैलाश खेर एवं साथी मुंबई शिरकत देंगे ,इसी तरह 12 फरवरी को बुंदेली गायन में देवी अग्रवाल एवं साथी बड़ा मलहरा, कथक नृत्य नाटिका में प्रस्तुति मानेसर एवं साथी मुंबई तथा भक्ति गायन में अभी लिप्सा पांडा उड़ीसा अपनी शिरकत देंगे 13 फरवरी में बुंदेलीनृत्य मैं कृष्ण कुमार रंगीला एवं साथी पन्ना तथा जय श्री राम नृत्य नाटिका में पुनीत इस सर मुंबई अपनी शिरकत देंगे तथा 14 फरवरी को बुंदेली नृत्य में कृष्ण पाल सिंह सिंगर तथा साथी छतरपुर तथा शिव केंद्रित नृत्य नाटिका में नाटिका बरसा दास गुप्ता एवं साथी दिल्ली सरकार करेंगे इसी दिन कवि सम्मेलन में सर्व श्री हरि ओम पवार मेरठ जानी बैरागी धार कीर्ति काली दिल्ली कविता तिवारी लखनऊ नुसरत मेहंदी भोपाल लक्ष्मण नेपाली सांची अपनी शिरकत देंगे तथा अंतिम दिवस 15 फरवरी को बुंदेली नृत्यमें जितेंद्र खरे एवं साथी किशनगंज कथक नृत्य में रिद्धि मेहर एवं साथी जबलपुर भक्ति गायन में आशा वैष्णव एवं साथी गांधीनगर अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर के महोत्सव में चार चांद लगाएगे। कार्यक्रम में 13 फरवरी को प्रस्तावित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का जायजा प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )धर्मेंद्र सिंह लोधी ने दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर तथा पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के साथ लेकर के कार्यक्रम की तैयारियो का जायजा लिया उक्त अवसर पर राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि डॉमोहन यादव का नोहलश्वर महोत्सव में आगमन प्रस्तावित है इस अवसर पर नोहलेश्वर महोत्सव के साथ-साथ जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नोहटा में आयोजित किसान सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने जिले वासियों क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि वह मेले में उपस्थित होकर की न केवल किसान सम्मेलन को सफल बनाएं बल्कि नोहलश्वर महोत्सव को भी ऐतिहासिक रूप प्रदान करें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन का समय 13 फरवरी को लगभग 2:30 बजे से 3:00 के बीच प्रस्तावित है जिसकी औपचारिक सूचना यथा समय अनुसार दी जावेगी।

# 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' विशेषज्ञों ने की साइबर सुरक्षा पर चर्चा

**दमोह।** पीजी कॉलेज सभागार में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' के अवसर पर महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर इंटरनेट, सोशल साइट्स के उपयोग, एआई तकनीक के इस्तेमाल और साइबर सुरक्षा से संबंधित विविध पहलुओं पर इंदौर से वर्चुअल माध्यम से जुड़े सूचना प्रौद्योगिकी एवं AI एक्सपर्ट मनीष पाण्डेय एवं संस्थापक क्वाडलिस्ट (Quadralyst) गुंजन करुन द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया और प्रश्नों के उत्तर देकर शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला में सोशल साइट्स के उपयोग के फायदे और नुकसानों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के सकारात्मक पहलुओं में एक दूसरे से जुड़े रहना, शिक्षा और जानकारी प्राप्त करना शामिल है। हालांकि, इसके नकारात्मक प्रभावों में व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, मानसिक स्वास्थ्य पर असर और साइबर बुलिंग जैसे मुद्दे सामने आते हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सौरभ टंडन और राकेश अठ्या ने साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों और अन्य उपस्थित लोगों को बताया कि कैसे वे अपने व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रख सकते हैं और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच सकते हैं। कार्यशाला के उद्देश्य पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी योगेंद्र सिंह द्वारा जानकारी दी गईं। उन्होंने बताया की कार्यशाला इंटरनेट और सोशल मीडिया के सही इस्तेमाल को बढ़ावा देने और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना हैं। इस कार्यक्रम में छात्रों और समुदाय के लोगों को इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में सोशल साइट्स के फायदे, जानकारी का आदान-प्रदान, शैक्षिक लाभ सोशल साइट्स के नुकसान,डेटा चोरी, साइबर बुलिंग, मानसिक स्वास्थ्य पर असर, साइबर फ्रॉड से बचाव,व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहना आदि की विस्तार से जानकारियां दी गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र. /निविदा/2026 / 1789 — // निविदा आमंत्रण सूचना // — हटा दिनांक 05.02.2026

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को हेतु निम्नलिखित कार्य कराये जाने की आवश्यकता है, इस हेतु आईटम दर के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_480513_1 06-02-2026 | इलेक्ट्रिक बैल्डिंग कार्य हेतु दर आमंत्रण | 1- 06 माह 2- 5.00 लाख | 1- 2000.00 2- 5000.00 | 21-02-2026 |

नोट - निविदा में किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह